कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक :– एफ–21 / स्थापन / 2011 / 4892 दिनांक :– 13/7/2011

उपनिदेशक
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
11वीं पाल रोड़, सरदारपुरा, जोधपुर।

विषय :– **राजस्थान विधानसभा अनूसुचित जाति कल्याण समिति 2011–12 की प्रश्नावली का प्रतिउत्तर भिजवाने बाबत्।**

प्रसंग :– **जिला कलक्टर, जोधपुर द्वारा जारी पत्र के क्रम में।** 5352-57 दि. 7/7/2011

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रांक के साथ प्रश्नावली प्राप्त हुई है, जिसके अन्तर्गत बिन्दु सं. 4 व 5 का प्रतिउत्तर निम्नानुसार भिजवाया जा रहा है।

प्रश्न 4 :– जिले में स्थित राजकीय विभागों एवं अधिनस्थ कार्यालयों में सीधि भर्ती एवं पदोन्नति से भरे जाने वाले अनुसूचित जाति के कितने पद सर्जित है एवं कितना बैकलॉग है बैकलॉग भरने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये।

उत्तर :– प्राधिकरण द्वारा सीधि भर्ती नहीं की गई है। नगरीय विकास विभाग द्वारा वर्तमान में कनिष्ठ अभियन्ताओं की सीधी भर्ती की गई है। इस संबंध में नगरीय विकास विभाग, जयपुर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। नियुक्त किये गये कनिष्ठ अभियन्ता के बैकलॉग की जानकारी नगरीय विकास विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

प्रश्न 5 :– अनुसूचित जाति के कर्मियों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदनों के निस्तारण की जिले के विभिन्न विभागों द्वारा क्या प्रक्रिया अपनायी जा रही है ? पिछले तीन वर्षो में कितने अभ्यावेदनों का निस्तारण किया गया। विवरण से समिति को अवगत करावें।

उत्तर : – गत तीन वर्षो में कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है। शून्य रिपोर्ट प्रस्तुत है।

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर
दिनांक :– 13/7/2011

क्रमांक :– एफ–21 / स्थापन / 2011 / 4893

प्रतिलिपि : वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. जिला कलक्टर, जोधपुर।

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर